न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी : निशान्त जैन, आई०ए०एस०

विविध प्रकरण सं. 52/2024

प्रार्थी–
विजया बैंक हाल बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा सिणधरी चौराहा, बाड़मेर

बनाम

अप्रार्थीगण –

1. मैसर्स सुकीदेवी हेमाराम श्रीमति सुकी देवी पत्नि श्री हेमाराम, पता–मोहल्ला अम्बलियों का वास, गांव आकली, तहसील शिव, जिला बाड़मेर
2. श्री हेमाराम पुत्र श्री मानाराम पता–मोहल्ला आम्बलियों का वास, गांव आकली, तहसील शिव, जिला बाड़मेर
3. श्री सदाराम पुत्र श्री हेमाराम पता–मोहल्ला आम्बलियों का वास, गांव आकली, तहसील शिव, जिला बाड़मेर

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002

उपस्थिति :–

1. श्री विरेन्द्रसिंह ईंदा, अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से उपस्थित।

आदेश

दिनांक : 31.07.2024

1. प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थी(गण) मैसर्स सुकीदेवी के विरूद्ध पेश किया गया।

2. प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संक्षिप्त तथ्य यह हैं कि प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी के द्वारा अप्रार्थी(गण) मैसर्स सुकीदेवी की प्रार्थना एवं व्यक्तिगत जमानत पर प्रतिभूतियों के एवज में कुल 35,00,000/– रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया था। अप्रार्थी(गण) ने प्रार्थी [illegible] द्वारा जा[illegible] स्वीकृति की सभी शर्तों को स्वीकार किया एवं प्राप्त की [illegible] उस पर देय ब्याज वापिस मांगने पर भुगतान [illegible] अप्रार्थी(गण) सं. 1 द्वा[illegible]कृत ऋण सुविधाओं का उत्तरदायित्व स्वीकार कि[illegible] तथा प्रतिभूति के रूप [illegible] सम्पत्ति यथा 1. हेमाराम पुत्र श्री मानाराम के नाम की मकान/प्लांट पट्टा नं.1, मोहल्ला

Signature Not Verified
Digitally signed by Nishant Jain
Date: 2024.09.06 13:20:31 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट, बाडमेर

आम्बलियों का वास, गांव आकली, तहसील शिव, जिला बाड़मेर में स्थित आवासीय जायदाद मय इमारत, बैक में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट। 2. सदाराम पुत्र श्री हेमाराम के नाम की मकान को प्रार्थी बैंक के पक्ष में बन्धक द्वारा रहन रखना स्वीकार किया एवं दिनांक 18.12.2015 एवं 22.07.2020 को साम्यिक बन्धक रहन किया। अप्रार्थी(गण) द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को ऋण का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रार्थी द्वारा दिनांक 20.02.2024 तक बकाया शेष रूपये 31,66,019/– भुगतान नहीं करने पर अप्रार्थी(गण) का खाता एनपीए घोषित कर ऋण राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी(गण) के नाम से पंजीकृत पावती डाक द्वारा नोटिस जारी किये। करवाया। प्रार्थी बैंक के पक्ष में अप्रार्थी(गण) के द्वारा बतौर प्रतिभूति रहन रखी गई उक्त प्रतिभू सम्पत्ति अप्रार्थीगण के कब्जे व स्वामित्व में है इस कारण प्रार्थी बैंक द्वारा प्रतिभूत आस्ति को कब्जे में लेना सम्भव नहीं है, जिसका कब्जा प्रार्थी बैंक को सम्भलाने हेतु यह प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है।

3. हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थी पक्ष को सुना। प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी द्वारा अप्रार्थी(गण) को राशि रूपये 35,00,000/– ऋण सुविधा प्रदान की है तथा अप्रार्थी(गण) बतौर प्रतिभूति उक्त सम्पत्ति प्रार्थी के पक्ष मे रहन रखी है एवं अप्रार्थी(गण) से दिनांक 20.02.2024 तक कुल 31,66,019/– बकाया वसूल किये जाने है। अप्रार्थी(गण) को पंजीकृत पावती डाक द्वारा नोटिस जारी किये। किया जाकर समुचित रूप से संसूचित किया जा चुका है। *सुनंदा कुमारी (श्रीमती) बनाम स्टैण्डर्ड चार्टड बैंक, 2007 (135) कम्प.केस. 604 (कर्नाटक)* के प्रकरण में जैसाकि निर्धारित किया गया हैं कि यदि धारा 13(2) का नोटिस पूर्व में दिया जा चुका हैं तो ऋणी को मजिस्ट्रेट की ओर से धारा 14 के अधीन प्रार्थना पत्र का पृथक से नोटिस जारी किये जाने की आवश्यकता नहीं है। हस्तगत प्रकरण में प्रार्थी की ओर से धारा 13(2) का नोटिस विधिवत रूप से अप्रार्थी(गण) को संसूचित किया जा चुका है। अप्रार्थी(गण) द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा

Signature Not Verified
Digitally signed by Nishant Jain
Date: 2024.09.06 13:20:31 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट, बाडमेर

14 मे विहित प्रावधानों के अन्तर्गत उक्त रहन रखी गई आस्तियों को प्रार्थी बैंक के कब्जे मे दिलाये जाने का समुचित आधार मौजूद है।

4. अतः उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विवेचन एवं विश्लेषण के परिणामस्वरूप प्रार्थी का यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी(गण) 1 द्वारा प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी के पक्ष में प्रतिभूति के रूप में रखी गई उक्त "1. हेमाराम पुत्र श्री मानाराम के नाम की मकान/प्लांट पट्टा नं.1, मोहल्ला आम्बलियों का वास, गांव आकली, तहसील शिव, जिला बाड़मेर में स्थित आवासीय जायदाद मय इमारत, बैक में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट। 2. सदाराम पुत्र श्री हेमाराम के नाम की मकान" का कब्जा अप्रार्थीगण से प्राप्त कर प्रार्थी को सम्भलाये जाने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक बाड़मेर को आदेश दिया जाता है। इस आदेश की एक–एक प्रति जिला पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर एवं प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हो।

5. आदेश आज दिनांक 31.07.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर(राज.)

(निशान्त जैन)
जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर
जिला मजिस्ट्रेट, बाडमेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Nishant Jain
Date: 2024.09.06 13:20:31 IST
Reason: SelfAttested